छात्रावास निर्माण की जद में आए फलदार पेड़ और पेयजल टंकी, प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल

# सांदीपानी स्कूल में विकास के नाम पर पर्यावरण की बलि!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तामिया, बाबा ठाकुर

एक ओर देशभर में पर्यावरण संरक्षण और जल बचाने के लिए बड़े-बड़े अभियान चलाए जा रहे हैं। वृक्षारोपण को जनआंदोलन बनाने की कोशिश हो रही है। आईपीएल जैसे बड़े आयोजनों में हर डॉट बॉल पर एक पेड़ लगाने का संकल्प लिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर सरकारी संस्थानों में ही पर्यावरण और जल संरक्षण की खुलेआम अनदेखी किए जाने के मामले सामने आ रहे हैं।ऐसा ही एक मामला तामिया स्थित सांदीपानी स्कूल परिसर में सामने आया है, जहां छात्रावास निर्माण के नाम पर हरे-भरे फलदार पेड़ों और पेयजल व्यवस्था की बलि चढ़ाने की तैयारी की जा रही है। स्कूल परिसर में बनने वाले छात्रावास के लिए जिस स्थान का चयन किया गया है, वहां आम और जामुन के लगभग नौ फलदार पेड़ मौजूद हैं। इतना ही नहीं, निर्माण की जद में वर्षों से विद्यार्थियों और स्थानीय लोगों की प्यास बुझाने वाली पेयजल टंकी भी आ गई है।स्थानीय लोगों और पर्यावरण प्रेमियों का आरोप है कि निर्माण एजेंसी और विभागीय अधिकारियों ने बिना स्थल का गंभीर निरीक्षण किए ही निर्माण स्थल तय कर दिया। यदि समय रहते प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया तो जल्द ही पेड़ों की कटाई और टंकी को हटाने की कार्रवाई शुरू हो सकती है।



### पहले काटे गए नीलगिरी के 40 पेड़, अब फलदार वृक्षों पर संकट

जानकारी के अनुसार, सांदीपानी स्कूल परिसर में इससे पहले भी निर्माण कार्यों के दौरान लगभग 40 नीलगिरी के पेड़ों की कटाई की जा चुकी है। इतना ही नहीं, परिसर में स्थित एक पुराने कुएं को भी मिट्टी डालकर पूरी तरह बंद कर दिया गया।अब नई निर्माण योजना में फलदार पेड़ों और पानी की टंकी को हटाने की तैयारी ने स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ा दी है। लोगों का कहना है कि जब एक के बाद एक प्राकृतिक संसाधनों को खत्म किया जा रहा है, तब पर्यावरण संरक्षण के सरकारी दावे खोखले साबित होते नजर आ रहे हैं।

### निर्माण स्थल चयन पर उठे गंभीर सवाल

सूत्रों के मुताबिक, छात्रावास निर्माण का कार्य पुलिस हाउसिंग बोर्ड के माध्यम से कराया जाना है। हालांकि निर्माण स्थल पर कहीं भी निर्माण एजेंसी या ठेकेदार का नाम दर्शाने वाला सूचना फलक नहीं लगाया गया है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि कार्यकारी एजेंसी और कंसल्टेंसी ने स्थल निरीक्षण में भारी लापरवाही बरती है। सामान्यतः किसी भी निर्माण कार्य के दौरान यदि पेड़ बाधा बनते हैं तो निर्माण का डिजाइन बदलकर पेड़ों को बचाने का प्रयास किया जाता है। लेकिन यहां ठीक इसके विपरीत पेड़ों और पेयजल टंकी के बीचो-बीच निर्माण प्रस्तावित कर दिया गया है।सबसे बड़ी बात यह है कि स्कूल परिसर में पर्याप्त खाली जमीन उपलब्ध होने के बावजूद उसी स्थान का चयन किया गया जहां पर्यावरण और जल स्रोतों को नुकसान पहुंचने की आशंका है।

### जल संरक्षण अभियान को झटका

सरकार एक तरफ "जल जीवन मिशन" और "जल संरक्षण अभियान" के जरिए लोगों को पानी बचाने का संदेश दे रही है, लेकिन तामिया के इस मामले ने इन अभियानों की गंभीरता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।जिस पेयजल टंकी को हटाने की तैयारी चल रही है, वह लंबे समय से परिसर में पेयजल आपूर्ति का प्रमुख साधन रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इसे तोड़ा गया तो भविष्य में विद्यार्थियों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ सकता है।पर्यावरणविदों का कहना है कि आज जब जल स्तर लगातार गिर रहा है और पेड़ों की संख्या कम हो रही है, ऐसे समय में सरकारी परिसरों में ही इस तरह की लापरवाही बेहद चिंताजनक है।

### अभी भी बचाए जा सकते हैं पेड़ और टंकी

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अभी निर्माण कार्य का लेआउट पूरी तरह तय नहीं हुआ है। ऐसे में यदि जिला प्रशासन चाहे तो निर्माण स्थल में परिवर्तन कर पेड़ों और पानी की टंकी को बचाया जा सकता है।लोगों का कहना है कि विकास कार्य जरूरी हैं, लेकिन विकास की कीमत पर्यावरण और जल स्रोतों को नष्ट करके नहीं चुकाई जानी चाहिए। यदि वैकल्पिक भूमि उपलब्ध है तो निर्माण उसी स्थान पर किया जाना चाहिए जहां प्राकृतिक संसाधनों को नुकसान न पहुंचे।

### पीएचई विभाग ने मांगी जांच रिपोर्ट

इस पूरे मामले में जब पीएचई विभाग की परासिया अनुविभागीय अधिकारी प्राची घूरे से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि वे अवकाश पर थीं। विभाग द्वारा खिरसाडोह पॉलिटेक्निक कॉलेज को पत्र लिखकर पेयजल टंकी की वास्तविक स्थिति की जानकारी मांगी गई है।उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो पेड़ और टंकी दोनों को बचा पाना मुश्किल हो जाएगा।

### पर्यावरण संरक्षण या औपचारिकता?

तामिया के सांदीपानी स्कूल परिसर का यह मामला एक बड़ा सवाल खड़ा करता है कि क्या पर्यावरण संरक्षण सिर्फ भाषणों और अभियानों तक सीमित रह गया है?जब सरकारी संस्थानों में ही पेड़ों की कटाई, जल स्रोतों को खत्म करने और पर्यावरणीय नियमों की अनदेखी के मामले सामने आएंगे तो आम लोगों तक संरक्षण का संदेश कैसे पहुंचेगा?अब निगाहें जिला प्रशासन पर टिकी हैं कि वह इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पर्यावरण और जल संरक्षण की दिशा में कोई ठोस कदम उठाता है या फिर एक बार फिर विकास के नाम पर प्रकृति की बलि चढ़ा दी जाएगी।

## किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र ने कलेक्टर से की सौजन्य भेंट



छिंदवाड़ा। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र रघुवंशी ने दायित्व ग्रहण करने के पश्चात जिला कलेक्टर हरेंद्र नारायण से प्रथम सौजन्य भेंट की। इस औपचारिक मुलाकात के दौरान जिले के किसानों एवं अन्नदाताओं से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र रघुवंशी ने जिले के किसानों को वर्तमान समय में आ रही समस्याओं को गंभीरता से रखते हुए प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने विशेष रूप से गेहूं खरीदी केंद्रों पर किसानों को हो रही तकनीकी एवं व्यावहारिक परेशानियों के त्वरित निराकरण की मांग की। उन्होंने कहा कि किसानों को उपार्जन केंद्रों पर किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा उनकी उपज का समय पर और पारदर्शी तरीके से क्रय सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही खाद वितरण व्यवस्था को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। श्री रघुवंशी ने किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने एवं वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि खेती-किसानी का वर्तमान समय अत्यंत महत्वपूर्ण है, ऐसे में किसानों को खाद एवं कृषि संसाधनों की उपलब्धता में किसी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए। श्री रघुवंशी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी किसान हितों के प्रति पूर्णतः समर्पित है और किसान मोर्चा किसानों की प्रत्येक समस्या के समाधान के लिए निरंतर संघर्षरत रहेगा। उन्होंने कहा कि किसानों का सशक्तिकरण और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान ही किसान मोर्चा का प्रमुख संकल्प है। जिला कलेक्टर हरेंद्र नारायण ने किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र रघुवंशी द्वारा उठाए गए विषयों को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक एवं सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया। प्रशासन द्वारा किसानों की समस्याओं के निराकरण हेतु संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की बात कही गई।

## विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से जुड़ने का सुनहरा अवसरः डॉ. झरिया



छिंदवाड़ा। वर्तमान में महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया चल रही हैं विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से जोड़ने के लिए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल पहुचकर विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए जागरूक किया जा रहा हैं। इसी तारतम्य में कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग निर्देशन एवं प्रधानमंत्री एक्सीलेंस ऑफ कॉलेज, शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा के प्राचार्य डॉ लक्ष्मीचंद एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में तथा संयोजक प्रो. शैलेष बांगडे के में सत्र 2026-27 के नेतृत्व में अन्तर्गत कॉलेज चलो अभियान के द्वितीय चरण में कॉलेज चलो अभियान प्रोफेसर स्कूल पहुचकर विद्यार्थियों को महाविद्यालय मे प्रवेश के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इस अवसर पर संकट मोचन सरस्वती शिशु मंदिर छिंदवड़ा एवं कन्या शिक्षा परिसर छिंदवाड़ा में डॉ. जगमोहन सिंह पूषाम सहायक प्राध्यापक इतिहास, डॉ. सुरेन्द्र कुमार झारिया, सहा. प्राध्यापक संस्कृत एवं डॉ स्वाती वर्मा के द्वारा महाविद्यालय से संबंधित सरकारी योजनाएँ एससी एवं एसटी निशुल्क स्टेशनरी एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, गृहवास योजना, गांव की बेटी, प्रतिमा किरण, मेधावी छात्रवृत्ति योजना, सम्बल योजना से निःशुल्क प्रवेश से सम्बंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। 12 वी पास हो चुके विद्यार्थियों जो टीसी लेने स्कूल पहुचे उन्हें सम्बोधित करते हुए डॉ जगमोहन सिंह पूषाम ने कहा कि आप सम्बल योजना से मात्र 10 रुपये में प्रवेश ले सकते हैं आपकी महाविद्यालय की बाकी फीस संबल योजना के माध्यम से मध्यप्रदेश शासन भुगतान करेगी आप सभी जिनके माता पिता के पास सम्बल कार्ड हैं वह सम्बल योजना का लाभ उठाएं और महाविद्यालय प्रवेश कराए। डॉ सुरेंद्र कुमार झरिया ने कहा कि आप को 12 वी के बाद उच्च शिक्षा से जुड़ने का सुनहरा अवसर मिल रहा हैं। आप महाविद्यालय में प्रवेश कराकर उच्च शिक्षा प्राप्त करें। डॉ स्वाती वर्मा ने महाविद्यालय में संचालित एनसीसी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना से अवगत कराया एवं उनके महत्व को बताया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख समस्त स्टॉफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# जिला शिक्षा अधिकारी ने दी समझाइशः नीट के बच्चे निष्ठा के साथ परीक्षा की करें तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी पी.एल. मेश्राम ने जिले भर के नीट की तैयारी कर रहे एवं परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक संदेश जारी किया है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा है कि वे किसी भी प्रकार से परेशान न हों, बल्कि पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपनी नीट परीक्षा की तैयारी जारी रखें। उन्होंने कहा कि दोबारा परीक्षा को एक नए अवसर के रूप में लें और अधिक बेहतर तैयारी के साथ परीक्षा में शामिल हों।

उल्लेखनीय है कि 3 मई को आयोजित हुई नीट परीक्षा को रद्द कर दिया गया है। ऐसे में जिले के अनेक विद्यार्थी, जिन्होंने पूरे वर्ष मेहनत कर परीक्षा दी थी, निराश हुए हैं। इस पर प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी श्री मेश्राम ने विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि वे निरंतर मेहनत करते रहें और बेहतर अध्ययन रणनीति के साथ अपनी तैयारी जारी रखें। उन्होंने बताया कि जल्द ही एन.टी.ए. द्वारा नई परीक्षा तिथि घोषित की जाएगी तथा नए प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे, जिसके लिए विद्यार्थियों को किसी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा।

उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी ऊर्जा, मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण बनाए रखने का आग्रह किया। श्री मेश्राम ने बताया कि जिले के सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों की नीट तैयारी को बेहतर बनाने के लिए एक घंटे की अतिरिक्त कक्षाएं संचालित की गईं। साथ ही नोडल अधिकारी श्रीमती अमिता शर्मा एवं ऑनलाइन प्रभारी श्री विवेक कराडे द्वारा माह में दो बार ऑनलाइन टेस्ट आयोजित किए गए। इसके अलावा श्रीमती शर्मा एवं जिले के विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा में विषयवार ऑफलाइन कक्षाएं संचालित की गईं।

## शानो शोकत के साथ मनाया 53 वां सालाना उर्स मुबारक



दमुआ। हजरत बाबा सैय्यद जलालुद्दीन औलिया रहमत अलैह हजरत बाबा सैय्ययद जंगली पीर औलिया बाबा दरगाह बमुकाम राखीकोल दमुआ के बाबा दरगाह का 53 वां सालाना उर्स मुबारक बड़े हीं शानओ शौकत के साथ मनाया जा रहा है। उर्स मुबारक मौके पर चार दिवसीय कार्यक्रम जिसमें दिनांक 13 मई दिन बुधवार को परचम कुशाई शाम 6 बजे और शाम 4 बजे से खवातिनो की मीलाद शरीफ होगी, एवं दिनांक 14 मई दिन गुरूवार को कमेटी का शाहीं संदल रहमान खान रहमत शाह के यहां से शाम 7 बजे निकलेगा। और गस्त करते हुये बाबा की दरगाह पहुचेगा। फिर चादर पेश की जायेगी, दिनांक 15 मई दिन शुक्रवार को भी संदल चादर सुकराम दफाई से बशीर भाई, नंदन से स्माईल भाई, हमीद अली माइनर्स 40 क्वाटर दमुआ से संदल चादर निकलकर गस्त करता हुआ राखीकोल पहुंचेगा। बतारीख 15 मई रात 9 बजे से शानदार कव्वाली का प्रोग्राम भी होगा, जहां शानदार कव्वाली के मुकाबले में कव्वाल शेर शायरी गजल फनकार के साथ कव्वाली पेशकर शमा बाधेगें।

# शहर में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान, सात विज्ञापन स्टैंड जप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा



नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय के निर्देशानुसार शहर में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। बुधवार को निगम अमले ने दीनदयाल पार्क के सामने, पंचायत भवन के पास, जिला न्यायालय, उद्योग कार्यालय, कलेक्ट्रेट के सामने से होते हुए राजीव गांधी कॉम्पलेक्स के अंदर तक अभियान चलाकर सार्वजनिक मार्गों से अतिक्रमण हटाया।

कार्रवाई के दौरान दुकानदारों एवं फुटकर व्यापारियों को अलाउंसमेंट के माध्यम से हिदायत दी गई कि वे सार्वजनिक सड़कों पर अतिक्रमण न करें और निर्धारित सीमा में ही व्यापार करें। अभियान में कई दुकानदारों द्वारा सड़क पर रखे गए विज्ञापन स्टैंड हटाए गए, जो आवागमन में बाधा बन रहे थे। निगम अमले ने मौके से विज्ञापन स्टैंड जप्त किए।

इसके अतिरिक्त पाल-तिरपाल हटाकर संबंधित लोगों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई भी की गई। अभियान के दौरान जप्त किए गए 7 नग विज्ञापन स्टैंड फटका मशीन शाखा में जमा कराए गए।

# माँ कर्मा संपूर्ण वर्ग की आराध्य देवीः साहू

उमरेठ में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा और नौ कुण्डीय महायज्ञ के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा



माँ कर्मा ने अपनी भक्ति से समस्त देवी-देवताओं को प्रसन्न किया था, माँ कर्मा साहू समाज ही नहीं बल्कि संपूर्ण वर्ग की आराध्य देवी है, हम सभी को उनकी आराधना करनी चाहिए। उमरेठ में माँ कर्मा और भगवान कृष्ण की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की जाना उमरेठ ही नहीं बल्कि संपूर्ण क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उक्त आशय के उद्गार सांसद बंटी विवेक साहू ने उमरेठ में आयोजित पांच दिवसीय माँ कर्मा और भगवान श्री कृष्ण की प्राण प्रतिष्ठा एवं नौ कुण्डीय महायज्ञ के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

इस अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त साहू समाज के स्वाजातीय बंधुओं का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने उनके बेटे और भाई को आर्शीवाद देकर लोकसभा भेजा है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण साहू समाज का वे हरदम पूर्ण सहयोग प्रदान करते रहेंगे। इस सफल आयोजन के लिए उन्होंने साहू समाज के स्वाजातीय बंधुओं को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज जिले सहित प्रदेश भर में माँ कर्मा देवी की प्राण प्रतिष्ठा की जाकर उन्हें पूजा जा रहा है, यह साहू समाज के लिए गौरव की बात है। इस अवसर पर सांसद श्री साहू ने मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना कर माँ कर्मा देवी और भगवान श्री कृष्ण का आर्शीवाद भी प्राप्त किया और नौ कुण्डीय महायज्ञ की यज्ञशाला की परिक्रमा भी की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सांसद प्रतिनिधि रोहित पोफली, वरिष्ठ भाजपा नेता राजु नरोटे, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष जगेन्द्र अल्डक आदि मौजूद रहे।

## लायंस क्लब छिंदवाड़ा ग्रेटर द्वारा निशुल्क ब्लड प्रेशर एवं शुगर जांच शिविर आयोजित




छिंदवाड़ा। लायंस क्लब छिंदवाड़ा ग्रेटर द्वारा आज पुराना बैल बाजार स्थित डॉ. साहू क्लीनिक में निशुल्क मधुमेह (शुगर) एवं ब्लड प्रेशर जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 70 मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर के दौरान मरीजों की शुगर एवं ब्लड प्रेशर निशुल्क जांच की गई तथा वहां उपस्थित लोगों को स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित आहार एवं दैनिक दिनचर्या के बारे में जानकारी देते हुए उचित चिकित्सा परामर्श भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर डॉ. गणेश प्रसाद साहू एवं डॉ. मयंक कुमार साहू द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर मरीजों को आवश्यक सलाह दी गई। शिविर में लायंस क्लब छिंदवाड़ा ग्रेटर के पूर्व गवर्नर लायन अशोक गुप्ता, लायन निर्मल जायसवाल, लायन एड अजय पालीवाल लायन योगेश पटेल श्री जितेंद्र कुमार साहू सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री आदित्य यादव का विशेष योगदान रहा। लायंस क्लब के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था द्वारा समय-समय पर जनहित में स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवा गतिविधियों का आयोजन किया जाता रहेगा।

कलेक्टर ने की राजस्व विभाग की मासिक समीक्षा, अधिकारियों को दिए निर्देश

# पटाखा फैक्ट्री और गोदामों की जांच कर सुरक्षा के उपाय सुनिश्चित कराएंः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

कलेक्टर हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के समस्त राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व विभाग से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए कलेक्टर श्री नारायन ने लंबित प्रकरणों के त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन जैसे प्रकरणों का निर्धारित समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। बैठक में अपर कलेक्टर श्री धीरेन्द्र सिंह, जिला मुख्यालय के संयुक्त कलेक्टर एवं डिप्टी कलेक्टर सहित जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खनिज अधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### पटाखा फैक्ट्री और गोदामों की करें संयुक्त जांच

कलेक्टर श्री नारायन ने एसडीएम छिंदवाड़ा, परासिया, जुन्नारदेव और चौरई को निर्देश दिए कि आपके क्षेत्रांतर्गत विस्फोटक नियम के अंतर्गत स्थापित स्टोर हाउस, थोक पटाखा गोदाम एवं पटाखे बनाने की फैक्ट्री की पुलिस के अधिकारियों के साथ संयुक्त जांच करें और सुरक्षा के इंतजाम सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि प्रायः देखने में आ रहा है कि अधिकांश अग्नि दुर्घटनायें विस्फोटक संस्थानों में सुरक्षा संबंधी व्यवस्थायें पूर्ण ना होने से हो रही हैं, ऐसी दुर्घटनायें जिले में ना हो इसके दृष्टिगत आपके क्षेत्र में स्थापित सभी थोक पटाखा दुकानों, फैक्ट्रियों, स्टोर हाउस का राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम, जिसमें सहायक फायर ऑफिसर नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा को भी सम्मिलित करते हुये निरीक्षण करें और इन सभी विस्फोटक संस्थानों में अग्नि संबंधी दुर्घटनाओं से सुरक्षा के लिये सुरक्षा मापदण्डों का समुचित पालन किया जा रहा है अथवा नहीं की जांच करें। साथ ही सुरक्षा उपकरण में मेकेनिकल फोम, वाटर टाइप, ए.बी.सी.टाईप, फायर वॉल एक्सटिंग्विशर, रेत की बाल्टी, पानी आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करवाएं। उन्होंने यथाशीघ्र इस संबंध में जांच कर प्रतिवेदन भेजने के निर्देश दिए हैं।

### अवैध उत्खनन पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

अवैध खनन के मामलों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री नारायन ने खनिज एवं राजस्व अमले को संयुक्त रूप से लगातार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध उत्खनन पर प्रभावी रोक लगाने के लिए अपने सूचना तंत्र के माध्यम से नियमित निगरानी रखी जाए और सख्ती से कार्यवाही की जाए। जिन क्षेत्रों से लगातार शिकायतें आ रही हैं, वहां पुख्ता प्लानिंग के साथ कार्यवाही करें। फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री नारायन ने निर्देश दिए कि फॉर्मर रजिस्ट्री बकेट क्लेम में प्रगति के लिए पटवारियों को प्रतिदिन लक्ष्य निर्धारित कर कार्य कराया जाए। फॉर्मर रजिस्ट्री में प्रत्येक पटवारी को प्रतिदिन 10 नए रजिस्ट्रेशन एवं 10 बकेटिंग का लक्ष्य दिया गया है और प्रत्येक सप्ताह प्रगति की समीक्षा कर यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य हो।

## परासिया में 100 एवं जुन्नारदेव में 100 जोड़ों की हुई शादी

# गरीब परिवारों को अब बेटियों की शादी की नहीं रहती चिंताः सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की दूरगामी सोच का ही परिणाम है कि आज गरीब परिवारों को बेटियों की शादी की चिंता खत्म हो गई है। जो गरीब परिवार अपनी बेटी की शादी करने के लिए लाखों का कर्ज लेकर तमाम व्यवस्थाएं किया करते थे। अब मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना लागू होने के बाद से बेटियों की शादी करने की चिंता खत्म हो गई है। अब सभी गरीब परिवारों की सभी चिंताओं को भाजपा सरकार ने अपने कंधों पर ले लिया है।

उक्त आशय के उद्गार सांसद बंटी विवेक साहू ने परासिया एवं जुन्नारदेव में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह के दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजनान्तर्गत छिंदवाड़ा व पांढुर्णा सहित पूरे प्रदेश की निकायों में सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है, यह योजना गरीब परिवारों के लिए संबल के रूप में काम कर रही है।

सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि आदिवासियों सहित गरीब परिवारों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा कई जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। जिसका सीधा लाभ आदिवासियों और गरीब परिवारों को मिल रहा है। पहले की कांग्रेस सरकार द्वारा आदिवासियों और गरीबों को योजनाओं का सीधा लाभ न देते हुए बिजौलियों की मदद से दिया जाता था। बिजौलियों के कारण आदिवासियों और गरीबों तक चंद रूपए ही पहुँच पाते थे। लेकिन अब नरेन्द्र मोदी की सरकार में हर योजना का लाभ सीधे हितग्राहियों के खातों में पहुँच रहा है।

### परासिया एवं जुन्नारदेव में हुए 200 जोड़ों के विवाह

मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजनान्तर्गत परासिया एवं जुन्नारदेव में सामूहिक विवाह सम्मेलनों का आयोजन किया गया, जिसमें परासिया में 100 एवं जुन्नारदेव में 100 जोड़ों के सामूहिक विवाह संपन्न हुए। सांसद बंटी विवेक साहू ने परासिया एवं जुन्नारदेव के नवविवाहित कुल 200 जोड़ों को आर्शीवाद व शुभकामनाएं दी। साथ ही शासन की योजनान्तर्गत प्रत्येक जोड़ों को 49 हजार की सहायता राशि के चेक वितरित करते हुए उनके सफल वैवाहिक जीवन की कामना की और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। परासिया एवं जुन्नारदेव में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम के पूर्व दोनों नगरों में दूल्हों की सामूहिक बारात निकाली गई, जिसमें घोड़ों और बग्गियों में सवार होकर बैंड बाजे के साथ बारात निकली। जिसमें सांसद बंटी विवेक साहू एवं अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगण बाराती के रूप में शामिल होते हुए।

## मंडी में चल रही अव्यवस्थाओं की ली जानकारी, किसानों की समस्याएं जानी

# प्रभारी एसडीएम मिश्रा ने किया कृषि मंडी का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



क्षेत्र के किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य और सुविधाएं मिल सके, इस उद्देश्य के साथ प्रभारी एसडीएम प्रियंक मिश्रा ने गुरुवार को स्थानीय कृषि उपज मंडी का औचक निरीक्षण किया। एसडीएम के अचानक पहुंचने से मंडी प्रशासन में हड़कंप मच गया। इस दौरान उन्होंने उपार्जन प्रक्रिया की समीक्षा की और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान श्री मिश्रा ने मंडी परिसर के चप्पे-चप्पे का अवलोकन किया। उन्होंने मुख्य रूप से पेयजल, तौल कांटा, साफ-सफाई और किसानों के बैठने के शेड की स्थिति देखी। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। एसडीएम मिश्रा ने मंडी प्रबंधन और विभागीय अधिकारियों को निम्नलिखित कड़े निर्देश दिए है।जिसमे तौल प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी हो और समय पर शुरू व समाप्त की जाए, ताकि किसानों को लंबा इंतजार न करना पड़े। वर्तमान भीषण गर्मी को देखते हुए परिसर में पर्याप्त छाया और शीतल पेयजल की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। मंडी परिसर में नियमित सफाई हो और किसानों के लिए बैठने के समुचित प्रबंध किए जाएं,एसडीएम ने अधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि किसानों की सुविधा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कर्मचारियों को सख्त लहजे में चेतावनी दी कि उपार्जन कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की

### मतदाता सूची का पुनरिक्षण कार्य हुआ



बड़कुही / परासिया :- नगर परिषद बडकुही में मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्थानीय निर्वाचन की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है जिसमें दिनांक 15 मई 2026 से 25 मई 2026 तक स्थानीय निर्वाचन की फोटोयुक्त मतदाता सूची में नाम जोडने, काटने एवं संसोधन करने का कार्य किया जावेगा। उक्त मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के संदर्भ में दिनांक 13/05/2026 को निकाय कार्यालय में प्रशिक्षण रखा गया जिसमें मास्टर ट्रेनर सुभाष यादव एवं रुपेन्द्र धानढोरे द्वारा प्राधिकृत कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया ।

## आज ध्वस्त होगी वार्ड 2 की जर्जर पानी की टंकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नगर के वार्ड क्रमांक 02 श्रद्धा लान के पास स्थित पानी की टंकी वर्तमान में बुरी तरह जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी है बीते दिनों नगर पालिका की बैठक में टंकी को ध्वस्त किए जाने संबंधी प्रस्ताव पारित किया गया था जिसके बाद शुक्रवार 11 में को इस टंकी को ध्वस्त किए जाने का कार्य पूर्ण किया जाएगा।नगर पालिका सीएमओ नेहा धुर्वे एवं अध्यक्ष रमेश सालोडे से मिली जानकारी अनुसार वार्ड क्रमांक 2 की पानी टंकी वर्तमान में बुरी तरह जर्जर हो चुकी है जिसे शीघ्र ही दोस्त किए जाने की कार्यवाही की जानी थी इसी के मद्देनजर शुक्रवार को पानी की टंकी के दोस्त करने का कार्य पूर्ण किया जाएगा इसके लिए तामिया जुन्नारदेव मार्ग शुक्रवार 6 सुबह 10:30 से बजे तक बंद रहेगा नगर पालिका प्रशासन ने नगर वासियों से उक्त मार्ग के उपयोग न करने की अपील की है जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

## पंचायत लेगी जलकर, मकान टैक्स और प्रकाश टैक्स

**जुन्नारदेव** -: संपत्ति कर, जल कर के साथ स्ट्रीट लाइट कर अब ग्राम पंचायत में भी नगर निगम और नगर पालिका की तरह लगाया जा रहा है। ग्राम पंचायत द्वारा समय पर बिल पेड नहीं करने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा। नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत दातलावादी में मकान टैक्स, विद्युत लाइट कर अप्रैल 2026 से शुरू हुआ है। 20 रुपए मकान टैक्स 20 रुपए स्ट्रीट लाइट टैक्स, नल जल कर 60 रुपए हर महीने देना होगा।नल जल की राशि पहले जो ली जाती थीं अभी भी वही लिया जा रहा है।इसमें किसी तरह का कोई बदलाव नहीं किया गया ।लेकिन इस वर्ष से मकान टैक्स और स्टीट लाइट का टैक्स देना पड़ेगा । प्रत्येक मकान मालिक को टोटल 100 मंथली कर ग्राम पंचायत में जमा करना पड़ेगा।

### श्रेया खरचे ने हासिल की डिग्री



**सौंसर।** क्षेत्र की प्रतिभावान बेटियों ने एक बार फिर साबित किया है कि दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। इसी क्रम में सौसर की लाडली श्रेया खरचे ने चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त की है। उनकी इस सफलता से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। डॉ. श्रेया खरचे ने अपनी डॉक्टरी की पढ़ाई डॉ. डी.वाई. पाटिल विद्यापीठ पिंपरी, पुणे से पूरी की है। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सत्र-2025 की मुख्य परीक्षा में उन्होंने शानदार सफलता दर्ज की।हाल ही में आयोजित विश्वविद्यालय के 17वें दीक्षांत समारोह में उन्हें औपचारिक रूप से एमबीबीएस की उपाधि से नवाजा गया।डॉ. श्रेया सुनील खरचे,श्रीमती स्नेहा खरचे की सुपुत्री हैं। अपनी इस सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता के मार्गदर्शन और निरंतर अध्यापन को दिया है।

## सिविल अस्पताल में नेत्र जांच की सुविधाएं शुरू

### आंखों के मरीजों को मिलेगी स्लिट लैंप और रेटिना जांच की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



स्थानीय सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और विशेषज्ञों की कमी को दूर करने की दिशा में एक बड़ी सफलता मिली है। प्रभारी बीएमओ डॉ. रूपेश बोकडे के विशेष प्रयासों से क्षेत्र के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ और पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एन.के. शास्त्री अब अपनी निःशुल्क सेवाएं सिविल अस्पताल में देंगे।

अस्पताल परिसर में नेत्र ओपीडी का औपचारिक लोकार्पण डॉ. एन.के. शास्त्री के कर-कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर सौसर प्रभारी बीएमओ डॉ रुपेश बोकडे,डॉ. पूजा कंगाले, मेटरन सिस्टर सुंदर धुर्वे वंदना गजभिए ने पुष्पगुच्छ भेंट कर डॉ. शास्त्री का आत्मीय स्वागत किया। डॉ. बोकडे के अनुरोध को स्वीकार करते हुए डॉ. शास्त्री ने अस्पताल में अपनी सेवाएं देने की सहमति प्रदान की है।अब सौसर अस्पताल में आंखों के मरीजों को विशेषज्ञों का परामर्श नियमित रूप से मिल सकेगा।

डॉ. एन.के. शास्त्री प्रति सोमवार और गुरुवार को ओपीडी समय में उपलब्ध रहेंगे। डॉ. श्रीमती अलका जैन पूर्व की भांति हर गुरुवार को अपनी सेवाएं जारी रखेंगी।अस्पताल प्रशासन ने बताया कि अब क्षेत्र की जनता को आंखों की गंभीर जांचों के लिए बड़े शहरों की ओर नहीं भागना पड़ेगा। सिविल अस्पताल में अब स्लिट लैंप और रेटिना, की जांच जैसी एडवांस सुविधाएं उपलब्ध हो गई हैं। स्लिट लैंप जांच को आंखों की सूक्ष्म जांच के लिए काफी प्रभावी माना जाता है।प्रभारी बीएमओ डॉ. रूपेश बोकडे ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे आंखों से संबंधित किसी भी समस्या या परामर्श के लिए सिविल अस्पताल की ओपीडी में संपर्क करें।

## हनुमान लोक जामसांवली में नई पहलः श्रद्धालुओं के लिए 4 ई-रिक्शा सेवा का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



देश-प्रदेश के लाखों श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र प्रसिद्ध चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर संस्थान 'हनुमान लोक' जामसांवली में भक्तों की सुविधाओं को विस्तार देते हुए एक बड़ी पहल की गई है। संस्थान द्वारा मंदिर परिसर में 4 नवीन ई-रिक्शा वाहनों का विधिवत लोकार्पण किया गया। अब पार्किंग से मंदिर तक की दूरी तय करना श्रद्धालुओं के लिए और भी सुगम हो जाएगा।

संस्थान के अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन हजारों की संख्या में आने वाले भक्तों, विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों और दिव्यांगों को मुख्य पार्किंग से मंदिर तक पहुँचने में काफी पैदल चलना पड़ता था। श्रद्धालुओं की इसी समस्या को देखते हुए यह सेवा शुरू की गई है। यह ई-रिक्शा सेवा न्यूनतम शुल्क पर उपलब्ध रहेगी, जिससे हर वर्ग का दर्शनार्थी इसका लाभ ले सकेगा।मंदिर संस्थान ने इस सुविधा के लिए ई-रिक्शा का चुनाव कर पर्यावरण संरक्षण की ओर भी कदम बढ़ाया है। प्रदूषण मुक्त इन वाहनों से मंदिर परिसर की स्वच्छता और शांति बनी रहेगी। लगभग 800 मीटर की दूरी अब श्रद्धालु बिना थके सुरक्षित और सुविधाजनक तरीके से तय कर सकेंगे। ई-रिक्शा सेवा का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार और विशेष पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अध्यक्ष, मंदिर संस्थान गोपाल शर्मा,टीकाराम कारोकर,मनोहर शेलकी,एड. अजय धवले,निलेश खंडाईत, श्री भट्ट सीईओ आदि थे।

## बारहमासी तालाब के आसपास श्रमदान करते हुए गंगा सप्तमी पर्व मनाया



**जुन्नारदेव** : मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आव्हान पर जिला कलेक्टर छिंदवाड़ा श्री हृदय नारायन के निर्देशानुसार जिला समन्वयक छिंदवाड़ा श्री अखिलेश कुमार जैन एवं जनपद पंचायत जुन्नारदेव सीईओ सुश्री रश्मि चौहान के नेतृत्व में तथा विकासखंड समन्वयक संजय कुमार बामने, मेंटर गोविन्द नंदवंशी, योगिता मर्सकोले,कि उपस्थिति में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत आयोजित दृष्टि सामाजिक विकास एवं कल्याण संस्था अध्यक्ष बुनेश राजबैठे के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत दूसरे चरण में गंगा सप्तमी के पावन पर्व पर ग्राम पंचायत मड़काढ़ाना के आदर्श ग्राम-कन्हान वनग्राम के जीवन दायिनी जल स्त्रोत बारहमासी तालाब में सामूहिक जन सहभागिता से तालाब के किनारे साफ-सफाई श्रमदान कर गंगा सप्तमी के पावन अवसर पर जल गंगा कि पूजन अर्चन किया गया। इस अवसर पर ब्लाक समन्वयक बामने ने कहा कि हमें अपने आसपास के सभी जल संसाधनों का उपयोग करते हुए उनकी साफ-सफाई संरक्षण करना भी प्रत्येक नागरिकों का दायित्व होना चाहिए। वन समिति अध्यक्ष चैतलाल उईके ने जल संरक्षण शपथ दिलाया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष धन्नू नागवंशी, सूरज राजबैठे, दिलीप पंद्राम, भगरसिंग राजभोपा, दुर्गेश पंद्राम, सोनू शीलू, रितेश उईके, राशि उईके, आदि ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### बिसोनी में जांच पत्र को ही समझ ली थी स्वीकृति, एसडीएम की जांच रिपोर्ट से पहले ही बुला ली थी मशीन

## बिना अनुमति बोर खनन पर प्रशासन की सख्ती, मशीन जब्त कर थाने पहुंचाई



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** जनपद पंचायत लांजी अंतर्गत ग्राम बिसोनी में बिना वैध अनुमति बोर खनन कर रहे ग्रामीणों पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बोर मशीन को जब्त कर लिया। प्रशासन की सतर्कता से अवैध रूप से शुरू होने जा रहे बोर खनन कार्य को समय रहते रोक दिया गया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में बिना अनुमति खनन कराने वालों में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम बिसोनी निवासी बुधराम देवगढ़े ने बोर खनन की अनुमति के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लांजी कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया था। आवेदन पर एसडीएम कार्यालय द्वारा नियमानुसार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को स्थल निरीक्षण कर पंचनामा प्रस्तुत करने हेतु पत्र जारी किया गया था। यह पत्र केवल जांच एवं रिपोर्ट प्रस्तुत करने की प्रक्रिया का हिस्सा था।बताया जा रहा है कि संबंधित ग्रामीण ने एसडीएम कार्यालय से जारी उक्त पत्र को ही बोर खनन की स्वीकृति समझ लिया। इसके बाद अगले ही दिन बोर मशीन बुलाकर खनन की तैयारी शुरू कर दी गई।

मामले की सूचना प्रशासन को मिलते ही तत्काल राजस्व एवं पुलिस अमला मौके पर पहुंचा और कार्रवाई करते हुए मशीन को कब्जे में ले लिया। कार्रवाई के दौरान लांजी तहसीलदार संजय बारस्कर, राजस्व निरीक्षक भूपेंद्र अहिरवार, ग्राम कोटवार तथा लांजी थाना पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस विभाग से आरक्षक चेतन सोनी एवं आशुतोष राजपूत ने भी कार्रवाई में सहयोग किया। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार के बोर खनन के लिए सक्षम प्राधिकारी से विधिवत अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य है। केवल निरीक्षण या पंचनामा संबंधी पत्र को अनुमति नहीं माना जा सकता। फिलहाल जब्त बोर मशीन को सुरक्षा की दृष्टि से लांजी थाना परिसर में खड़ा कराया गया है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि भ्रामक जानकारी या दस्तावेज को अनुमति समझकर कार्य प्रारंभ न करें तथा नियमों का पालन सुनिश्चित करें।

## बिजली बिल की मार से ठप पड़ी करोड़ों की नल-जल योजना, बूंद-बूंद पानी को तरसे ग्रामीण

### बिसोनी ग्राम पंचायत का फूटा गुस्सा, अधिकारियों को भेजा पत्र, अधूरी पाइपलाइन, बंद पड़े मोटर और लापरवाही पर उठे सवाल




**हरिभूमि न्यूज लांजी।** करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद लांजी जनपद की ग्राम पंचायत बिसोनी में जल जीवन मिशन के तहत बनाई गई नल-जल योजना ग्रामीणों के लिए अब तक सिर्फ कागजी सपना बनकर रह गई है। ग्राम पंचायत द्वारा एसडीएम लांजी को भेजे गए पत्र में योजना की गंभीर खामियों, अधूरे कार्यों और भारी-भरकम बिजली बिल के कारण ग्रामीणों को हो रही परेशानियों का खुलासा किया गया है। पंचायत ने साफ शब्दों में कहा है कि करोड़ों की लागत से बनी यह योजना धरातल पर दम तोड़ती नजर आ रही है। ग्राम पंचायत बिसोनी के उपसरपंच पवन कश्यप ने बताया कि वर्ष 2020-21 में जल जीवन मिशन के तहत लगभग 2.7 करोड़ रुपये की लागत से ग्राम बिसोनी में नल-जल योजना स्वीकृत की गई थी। योजना के तहत बड़ी पानी टंकी का निर्माण तो कर दिया गया, लेकिन शेष 2-3 छोटी टंकियों का निर्माण आज तक पूरा नहीं हो सका। इतना ही नहीं, पाइपलाइन बिछाने का कार्य भी अधूरा छोड़ दिया गया है, जिसके कारण कई वार्डों तक पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है।

ग्राम पंचायत ने पत्र में उल्लेख किया है कि योजना का विद्युतीकरण कार्य पूरा नहीं होने के बावजूद पंचायत पर भारी बिजली बिल का बोझ डाला जा रहा है। पंचायत का आरोप है कि अधूरे कार्य और तकनीकी खामियों के कारण मोटर सुचारू रूप से संचालित नहीं हो पा रही है, फिर भी बिजली विभाग लगातार बिल थमा रहा है। इससे पंचायत की आर्थिक स्थिति पर भी दबाव बढ़ता जा रहा है। गांव के कई वार्डों में आज भी नल सूखे पड़े हैं। ग्रामीणों का कहना है कि योजना शुरू होने के समय उन्हें घर-घर जल पहुंचाने का भरोसा दिया गया था, लेकिन वर्षों बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। गर्मी के इस मौसम में पेयजल संकट ने ग्रामीणों की परेशानी कई गुना बढ़ा दी है।

ग्राम पंचायत बिसोनी ने प्रशासन से मांग की है कि अधूरे कार्यों को तत्काल पूरा कराया जाए, बिजली बिल में आवश्यक सुधार किया जाए और हैंडपंपों के जलस्तर में कमी को देखते हुए अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। करोड़ों की लागत से बनी यह योजना अब प्रशासनिक लापरवाही की मिसाल बनती जा रही है और ग्रामीणों के सब्र का बांध टूटने लगा है।

## 12वीं सीबीएसई परीक्षा परिणाम में ऐतिहासिक सफलता







### कॉमर्स : "एएम टू पीएम" Your Mentors For Commerce"

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में उत्कृष्ट परिणाम देकर कॉमर्स : AM to PM ने एक बार फिर सफलता का नया इतिहास रच दिया है। संस्थान की छात्रा ग्रिश्मा मटलानी ने 97.80% अंक प्राप्त कर पूरे बालाघाट जिले में प्रथम स्थान (District Topper) हासिल किया है। यह उपलब्धि न केवल संस्थान बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है।इसके साथ ही संस्थान के कुल 7 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया है।सभी विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, अनुशासन और लगन से यह सिद्ध कर दिया कि सही मार्गदर्शन और निरंतर प्रयास सफलता की कुंजी होते हैं।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के नाम इस प्रकार हैं : ग्रिश्मा मटलानी — 97.80% (District Topper), सारांश जैसवाल — 94.20%, यश जैसवाल — 93.80%, आकाश वाधवा — 93.40%, अंश रंगलानी — 93.40%, लक्षित वैद्य — 93%, गर्व सांवरे — 90.80% संस्थान के संचालक सीए पवन मंगे एवं अम्बर मंगे ने सभी विद्यार्थियों को इस ऐतिहासिक सफलता पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

उन्होंने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अभिभावकों के विश्वास और शिक्षकों के समर्पण का प्रतिफल है।उन्होंने सभी अभिभावकों का भी विशेष आभार व्यक्त किया, जिन्होंने अपने बच्चों पर विश्वास बनाए रखा और हर परिस्थिति में उनका सहयोग किया।संस्थान परिवार को विश्वास है कि आने वाले वर्षों में भी विद्यार्थी इसी प्रकार नई ऊँचाइयाँ प्राप्त कर बालाघाट जिले का नाम रोशन करते रहेंगे।

### नगरपालिका कार्यालय में जनसुनवाई में पूर्व विधायक जायसवाल ने नागरिकों की समस्याओं को सुन किया समाधान

## अधिवक्ता कक्ष के सामने नगरपालिका लगवायेगी गट्टू



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** नगरपालिका परिषद में मंगलवार को आयोजित जनता सुनवाई में नागरिकों द्वारा अपनी विभिन्न समस्याओं से पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल को अगवत कराया गया। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष सरिता मनोज दांदरे दर्शक बन कर बैठी रही। सभी शिकायतकर्ताओं ने अपनी समस्याओं से पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल को ही अवगत कराया और श्री जायसवाल ही उनकी समस्याओं के संबंध में नगरपालिका अध्यक्ष, उपयंत्री सुमित मोटवानी व अंशिका चौहान तथा अन्य कर्मचारियों को निर्देश देते हुए नजर आए।

इस जनसुनवाई में अधिवक्ता संघ अध्यक्ष संदीप नगपुरे अपने साथियों अभिषेक शुक्ला, पुष्पेन्द्र कलिहारी, अजय डहाके, मिलिंद नगपुरे के साथ पहुँचे। उन्होंने एक आवेदन श्री जायसवाल को देते हुए अधिवक्ता कक्ष के सामने लगभग 25 सौ स्केवर फीट जगह पर गटटू लगाने की मांग की। जिसे स्वीकृत करते हुये प्रक्रिया में लेकर जल्द समाधान का आश्वासन दिया गया। वहीं गर्मी के मौसम में प्याऊ लगाने की मांग पर पर प्याऊ की स्थापना कर दी गयी।

पूरे जिले में रेत उत्खनन पर लगी रोक के कारण विभिन्न निर्माण कार्यो में आ रही रुकावट को लेकर नगर के ठेकेदारों व नगरपालिका के लिए कार्य कर रहे ठेकेदारों को निर्माण करने में आ रही परेशानी को पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल के सामने रखा। जिस पर श्री जायसवाल ने नगरपालिका की टीम को जिलाधीश बालाघाट व जिला खनिज अधिकारी के समक्ष रखने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में नगर के वार्ड नम्बर 3 निवासी बाली देशपांडे, समीर बिसेन, संतोष विश्वकर्मा आदि ने उनके घर के पीछे बनी हुई नाली व प्लाट में कचरा होने और साफ सफाई नहीं होने का मामला उठाया। जिस पर श्री जायसवाल ने नगरपालिका अधिकारियों को निर्देश देकर तत्काल जेसीबी से नाली के पास की झाडियों को कटवाया।

इस दौरान समीर बिसेन द्वारा पिछले 3 वर्षो से वार्ड नम्बर 3 की उपेक्षा का मुद्दा उठाते हुए कहा गया कि नगरपालिका द्वारा पिछले 3 वर्षो से वार्ड नम्बर 3 में विकास कार्य करवाने के मामले में भेदभाव किया जा रहा है। जहॉ नगर के अन्य 10 वार्डो में विकास कार्य प्राथमिकता के साथ करवाए जा रहे है, वहीं वार्ड नम्बर 3 में विकास कार्य की कोई भी प्राथमिकता नगरपालिका द्वारा तय नहीं की गई है। जिसके कारण पिछले 3 वर्षो में वार्ड विकास के मामले में पिछड़ गया है।

## 3 गौवंश की तस्करी करते हुए दो युवक गिरफ्तार, न्यायालय ने भेजा जेल



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

गौ वंश तस्करी का सिलसिला जिले में थमने का नाम नहीं ले रही है। कुछ दिन पूर्व लालबर्रा में पुलिस ने 48 गौ वंश की तस्करी का भंडाफोड़ किया था और तस्करों से गौवंश को बरामद किया गया था। अब इसी कड़ी में वारासिवनी पुलिस द्वारा 13 मई की रात्रि में एक पिकअप वाहन क्रमांक एम एच 34 बी जी 0383 में बेदर्दी से भरे गए 3 गौवंश को तस्करों से छुड़ाने में सफलता हासिल की है।

जानकारी अनुसार 13 मई को वारासिवनी पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग पिकअप वाहन में गौवंश को कटने के लिए ले जा रहे है। सूचना मिलने पर वारासिवनी पुलिस के अधिकारियों ने वाहन का पीछा करते हुए उसे कटंगी मार्ग पर चंदोरी में स्थित शिव मंदिर के सामने पकड़ा। इस पिकअप वाहन में 3 गौवंश बेदर्दी के साथ भरे हुए थे। पुलिस ने पिकअप वाहन चालक अजय पिता अजब लाल मसकरे जाति लोधी उम्र 28 वर्ष निवासी नवेगॉव थाना रामपायली एवं धनीराम पिता लोकचंद चौधरी जाति पंवार उम्र 28 वर्ष निवासी मुरझड़ फार्म सोनबा टोला वारासिवनी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं पिकअप वाहन में भरे हुए 3 गौवंश को चंदोरी स्थित गौशाला के सुपुर्द कर दिया गया है।

पुलिस ने इस मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 219/2026 धारा 4, 6/9 गौ वंश प्रतिषेध अधिनियम 2004 एवं धारा 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है। वहीं पुलिस ने दोनों आरोपियों को बुधवार को व्यवहार न्यायालय वारासिवनी में जेएमएफसी न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने दोनों ही आरोपियों को जेल भेज दिया है।

